**Transferred High Court Judges**

219. SHRI HARI VISHNU KAMATH: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) how many of High Court judges transferred during the period of Internal Emergency have requested since 21st March, 1977 for a return to their former High Courts; and

(b) if so, whether their requests have been acceded to?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (DR. PRATAP CHANDRA CHUNDER): (a) Since 21st March, 1977, seven High Court Judges transferred during the period of Internal Emergency from one High Court to another have requested for their retransfer to their former High Courts.

(b) Their requests are under consideration of the Government.

**Survey for Guruvayur-Kuttipuram Railway Line**

220. SHRI V. M. SUDHEERAN. Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state whether any action has been taken regarding the survey of Gurvayur-Kuttipuram railway line?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): A preliminary engineering-cum-Traffic Survey has been completed for construction of a railway line from Trichur to Kuttipuram *via* Guruvayur.

**गंगानगर में एक उर्वरक संयंत्र लगाने का प्रस्ताव**

221. चौधरी हरी राम मक्कासर : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार गंगानगर में एक उर्वरक संयंत्र लगाने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो इसे वहां कब तक लगाया जाएगा ?

पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती बहुगुणा) : (क) गंगानगर में उर्वरक संयंत्र की स्थापना करने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है ;

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**Final Estimates for Construction of Fertilizer Factory and Township at Talcher (Orissa)**

222. SHRI PABITRA MOHAN PRADHAN: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state the final estimate for the construction both of the Fertilizer Factory at Talcher (Orissa) and the Township including roads and water supply etc.?

THE MINISTER OF PETROLEUM. CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): The fertilizer plant at Talcher is presently estimated to cost Rs. 174.12 crores inclusive of Rs. 5.79 crores for the township including roads and water supply. These estimates are on the basis that the project would go into commercial production on 1st April, 1978

**हसनपुर-सकरी रेलवे लाइन का पूरा किया जाना**

223. श्री राम सेवक हजारी : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वर्गीय भूतपूर्व रेल मन्त्री श्री ललित नारायण मिश्र ने पूर्वोत्तर रेलवे के अन्तर्गत बिहार में हसनपुर से सकरी के

लिए जिस प्रस्तावित रेल लाइन का उद्घाटन किया था, उसे पूरा करने की योजना है; और

(ख) यदि हां, तो उसे कब तक पूरा किया जायेगा ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी हां।

(ख) धन की अत्यन्त कमी के कारण, 1977-78 के बजट में इस निर्माण कार्य के लिए 5.0 लाख रुपये की राशि रखी गयी है। इस काम के लिए पहले तैयार किये गये परियोजना अनुमान में सम्भावित किफायत करने के लिए उसे संशोधित किया जा रहा है। अनुमान प्राप्त होने और उसकी स्वीकृति मिलने पर ही इस काम को प्रारम्भ करना सम्भव हो पायेगा। संसाधनों की भारी कमी के कारण इस समय इस परियोजना के पूरा होने की लक्ष्य तिथि नहीं बतायी जा सकती।

### रेलगाड़ियों में कोच लगाना

224. श्री निर्मल चन्द्र जैन : क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इटारसी-बीना यात्री गाड़ी के साथ जबलपुर से लगाया जाने वाला 'दिल्ली कोच' जो पहले बीना में पंजाब मेल के साथ लगाया जाता था, अब छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस गाड़ी के साथ लगाया जाता है;

(ख) क्या इस परिवर्तन के फलस्वरूप यात्रियों को बीना में 'अप' और 'डाउन' गाड़ियों के लिए 3-4 घण्टे तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है और निजामुद्दीन से गाड़ी पकड़नी पड़ती है जोकि काफी दूरी पर है और इससे यात्रियों को अतिरिक्त समय लगाना पड़ता है तथा अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है;

(ग) जबलपुर से दिल्ली के लिए उत्कल एक्सप्रेस गाड़ी के साथ एक स्लीपर और एक प्रथम श्रेणी का कोच अब न लगाये जाने के क्या कारण हैं जोकि जबलपुर से दिल्ली आते वाले यात्रियों के लिए बहुत सुविधाजनक था; और

(घ) क्या सरकार का विचार इलाहाबाद में अपर इण्डिया एक्सप्रैस गाड़ी के साथ लगने वाले 'सिटिंग' कोच' के स्थान पर 'स्लीपर कोच' लगाने का है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी हां।

(ख) अब दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए बीना में प्रतीक्षा समय 2 घण्टा 15 मिनट है जबकि पहले यह 2 घण्टा 53 मिनट था। जबलपुर जानेवालों को अब बीना में 4 घण्टा प्रतीक्षा करनी पड़ती है जबकि पहले यह समय 3 घण्टा 20 मिनट था। जबलपुर कोच निजामुद्दीन तक चलते हैं जिसे कि दिल्ली नयी दिल्ली के मुख्य टर्मिनलों का कार्यभार कम करने के लिए सहायक टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। पर्याप्त टर्मिनल सुविधाएं न होने के कारण छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस को नयी दिल्ली तक चलाना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है।

(ग) दिल्ली क्षेत्र और जबलपुर के बीच सीधे डिब्बों के संचलन को 1-4-1977 से युक्तिसंगत बनाया गया था। परिणामत: 5/6 पंजाब मेल में लगने वाले दो डिब्बे (एक पहले दर्जे का और तीन टायर शयन यान) तथा सप्ताह में तीन बार चलने वाली 77 78 उत्कल एक्सप्रैस में लगने वाले दो अन्य डिब्बे (एक पहले दर्जे का और एक तीन टायर शयन-यान) इन गाड़ियों से हटा कर 137/138 छत्तीसगढ़ एक्सप्रैस में लगाये जाने लगे हैं ताकि 5/6 पंजाब मेल और 77/78 उत्कल एक्सप्रैस में सीधे जाने वाले यात्रियों को स्थान उपलब्ध कराया जा सके। इससे जबलपुर जाने वाले